## चक्रधर समारोह 2024

# ओम नम: शिवाय के मंत्र से गूंजा पूरा चक्रधर समारोह कार्यक्रम स्थल

❒ शार्वी केशरवानी द्वारा ओम नम: शिवाय के साथ पंचतत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते ओजस्वी नृत्य ने सभी दर्शकों के मन को छुआ

❒ सारंगढ़ की तेरह वर्षीय कत्थक साधिका शार्वी केशरवानी ने आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा रचित शिव पंचाक्षर स्त्रोत पर आधारित कत्थक नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति



**रायगढ़**

रायगढ़ में आयोजित प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह 2024 में अनेक जाने माने विश्वविख्यात कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है साथ ही इस मंच के माध्यम से क्षेत्रीय और नन्हे कलाकारों को भी अपनी कला को प्रदर्शित करने, उन्हे उत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में आज चक्रधर समारोह के सातवे दिन सारंगढ़ की तेरह वर्षीय कत्थक साधिका शार्वी केशरवानी ने आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा रचित शिव पंचाक्षर स्त्रोत पर आधारित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। उनके इस मनमोहक प्रस्तुति से पूरा चक्रधर समारोह कार्यक्रम स्थल ओम नम: शिवाय के मंत्र से गूंज उठा। इस नृत्य में उनके द्वारा ओम नम: शिवाय के साथ पंचतत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करता मन को छू जाने वाला नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने स्व. पंडित बिरजू महाराज द्वारा रचित अर्धांग की प्रस्तुति के साथ कुछ तोड़े-टुकड़े, कवित्त, परन के बाद कुछ लयकारियों के साथ बहुत ही आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। सारंगढ़ की तेरह वर्षीय कत्थक साधिका शार्वी केशरवानी मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल सारंगढ़ में कक्षा आठवीं की छात्रा है। उन्होंने नृत्य की प्रारंभिक शिक्षा अपनी माता तोषी गुप्ता से प्रारंभ की और वर्तमान में श्रीराम संगीत महाविद्यालय, रायपुर में गुरु डॉ.राजश्री नामदेव के सानिध्य में नृत्य की बारीकियाँ सीख रही है।

कत्थक साधिका शार्वी केशरवानी ने इतनी कम उम्र में ही कई राज्यीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए अनेक उपाधियाँ और उप्लब्धियाँ 2019 से अब तक लगातार अर्जित करते आ रही है। शार्वी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दुबई एवं थाईलैंड सहित राष्ट्रीय स्तर पर उज्जैन, बैंगलोर, उदयपुर, गोवा, जबलपुर, रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, मथुरा, हरिद्वार आदि जगहों पर अब तक लगभग 50 से अधिक मंचों पर अपनी कत्थक की प्रस्तुतियाँ दे चुकी है। शार्वी को 2019 में बैंगलोर नृत्य ओजस्वी अवार्ड, थाईलैंड में स्वर्ण अवार्ड, 2020 में नृत्य साधिका सम्मान, 2021 में कला साधिका सम्मान, 2022 में बाल नृत्यकला श्रेष्ठ अवार्ड, 2022 में दुबई में प्रस्तुति के लिए अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति तथा दुबई में कत्थक में प्रथम, 2023 में हरिद्वार में उदित सम्मान, इसके अलावा कला अभ्युदिता सम्मान भी उन्होंने प्राप्त किया है। पुन: 2023 में बालनृत्य कला श्रेष्ठ अवार्ड तथा चक्रधर समारोह 2023 तत्पश्चात 2024 में अखंड नूपुर नाद, राष्ट्रीय कला वैभव सम्मान, प्रणवम शिखामणि अवार्ड प्राप्त हुए हैं।

## भरतनाट्यम की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया आनंदित : भाव-भंगिमाओं और मुद्राओ ने किया रोमांचित




39वां चक्रधर समारोह के सातवें दिन आज सांस्कृतिक संध्या की द्वितीय प्रस्तुति रायगढ़ जिले की स्थानीय भरतनाट्यम कलाकार डॉ राखी राय सहित उनकी टीम नैनिका कासलीवाल, श्रीजानी बनर्जी ने मंच पर भाव-भंगिमाओं मुद्राओ के साथ आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी।

रायगढ़ जिले की इन कलाकारों ने भरतनाट्यम से अपनी प्रतिभा साबित की है। दूरदर्शन में अपनी प्रस्तुति से पहचान बनाने के साथ ही देश-विदेश में भी इन कलाकारों ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर ख्याति अर्जित की है। रामलीला मैदान में आयोजित चक्रधर समारोह में आज भरतनाट्यम की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को आनंदित किया।

## लकी मोहंती ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में की जाने वाली आरती को नृत्य के माध्यम से किया प्रस्तुत

### द्रोपदी चीरहरण को नृत्य में प्रस्तुत किया

कटक के प्रसिद्ध नर्तक कलाकार लकी मोहंती और विद्या दास ने अपने ओडिसी की प्रस्तुति में पुरी के जगन्नाथ मंदिर में होने वाली आरती और द्रोपदी चीरहरण को अपने नृत्य में रेखांकित किया। उन्होंने अपने सहपाठी कलाकारों के माध्यम से भावभंगिमाओं के साथ लयबद्ध तरीके से नृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने राधा-कृष्ण के अंतरंग अनुराग को भी ओडिसी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।



## अंचल के लोगों ने पहली बार देखा 500 साल पुरानी असम का प्रमुख असमिया सत्रिया नृत्य चक्रधर समारोह के मंच में



चक्रधर समारोह में पहुंचने वाले दर्शकों को विविध भारतीय व क्षेत्रीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य आदि कलाओं से परिचित होने का अवसर मिल रहा है। इसी क्रम में आज चक्रधर समारोह के सातवे दिन दर्शकों को 500 साल पुरानी असम का प्रमुख असमिया सत्रिया नृत्य भी देखने का अवसर चक्रधर समारोह मंच के माध्यम से मिला। समारोह में आज रायपुर से पहुंची मृदुस्मिता दास और राजीव कुमार दास के युगल द्वारा असमिया सत्रिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अनोखे नृत्य की प्रस्तुति ने चक्रधर समारोह के सातवे दिन की शाम को यादगार बना दिया जिसे उपस्थित दर्शक कभी भूल नहीं पाएंगे। असमिया सत्रिया नृत्य असम का एक सुंदर शास्त्रीय नृत्य है। यह नृत्य आध्यात्मिक व कलाओं से सम्पूर्ण भारतीय सांस्कृतिक नृत्य है। यह पूर्वोत्तर में ठंड के मौसम में सामान्यत: किया जाता है। संगीत के क्षेत्र में सात शास्त्रीय नृत्य है। असमिया सत्रिया नृत्य 8वें शास्त्रीय नृत्य के रूप में शामिल की गई है। यह नृत्य वैष्णव विचारधारा को समर्पित है।

## रायगढ़ जिले के स्थानीय प्रसिद्ध कलाकारों की टीम ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक संस्कृति को गीत एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम किया प्रस्तुत

39वां चक्रधर समारोह में सांस्कृतिक संध्या की पहली प्रस्तुति में रायगढ़ जिले के स्थानीय प्रसिद्ध कलाकारों की टीम-हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक संस्कृति को गीत एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम प्रस्तुत किया। टीम के कलाकारों ने खेती-किसानी पर आधारित, सुआ नृत्य सहित ददरिया गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया।






## 14 सितम्बर को विनोद मिश्रा शास्त्रीय गायन-खयाल ठुमरी पर देंगे प्रस्तुति

❒ सुश्री कृष्णभद्रा नम्बूदरी का होगा भरतनाट्य, पौशाली चटर्जी मणिपुरी पर देंगी प्रस्तुति

❒ आलोक श्रीवास एवं शाश्वती बनर्जी देंगे कथक की प्रस्तुति

39 वां चक्रधर समारोह के आठवें दिन 14 सितम्बर को दिल्ली के आलोक श्रीवास कत्थक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। वहीं मुम्बई की कृष्णभद्रा नम्बूदरी भरत नाट्यम प्रस्तुत करेंगी। इसी तरह कोलकाता की पौशाली चटर्जी द्वारा मणिपुरी, रायगढ़ की अनंता पाण्डेय द्वारा विविध कला नृत्य, शाश्वती बनर्जी द्वारा कथक, सतना विनोद मिश्रा द्वारा शास्त्रीय गायन (खयाल, ठुमरी)तथा श्रीकाकुलम के डॉ.रघुपतरूनी श्रीकांत कुचिपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

## मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी मामले में खरसिया पुलिस ने त्वरित कार्यवाई कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपियों से मुकुट और बाइक जब्त

**रायगढ़**

खरसिया के पंचमुखी हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी होने के मामले में चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने न सिर्फ चांदी का मुकुट बरामद किया, बल्कि वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।



10 सितंबर को खरसिया पुलिस चौकी में कन्हैया यादव (64 साल) पोस्ट आफिस रोड खरसिया ने लिखित आवेदन देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 सितंबर 2024 को खरसिया स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह पूजा करने गया तो देखा कि हनुमान जी की प्रतिमा से चांदी का मुकुट गायब है। कन्हैया यादव के आवेदन पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3), 305 के तहत अपराध क्रमांक 537/2024 दर्ज किया गया। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने घटना के बाद मुखबिरों को सक्रिय किया और संभावित संदिग्धों से पूछताछ शुरू की। इसी बीच एक मुखबिर से सूचना मिली कि ननकी राम चौहान और सतीश दुबे नामक दो व्यक्तियों पर संदेह किया जा सकता है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया चांदी का मुकुट, जिसका वजन करीब 7.5 तोला और कीमत लगभग 5,000 रुपए है, बरामद किया। साथ ही, आरोपियों द्वारा चोरी के लिए उपयोग की गई मोटर साइकिल (हीरो हाईफाई डीलक्स, क्रमांक सीजी 13 वाई 2316) भी जब्त कर ली गई। आरोपी 1. सतीश दुबे (36 वर्ष), निवासी बिछुआ, थाना पल्हवाबड़ा, जिला नरसिंहपुर (मप्र) हाल मुकाम भूपदेवपुर रायगढ़ 2. ननकी राम चौहान (42 वर्ष), निवासी खम्हार चौकी जोबी, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के खिलाफ पर्याप्त सबूत जुटाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेज दिया गया। चौकी प्रभारी संजय नाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ सामुदायिक सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

## चक्रधरनगर पुलिस ने मवेशियों की अवैध तस्करी को रोका, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 24 नग मवेशियों को कराया मुक्त

**रायगढ़**

जिले में मवेशियों की अवैध तस्करी पर नकेल कसने के लिए चक्रधरनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस मवेशियों की अवैध तस्करी रोकने के लिए विशेष निगरानी कर रही है। इसी कड़ी में चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति पुसौर क्षेत्र से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओडिशा के बूचड़खाने की ओर ले जा रहे हैं।



तत्काल कार्रवाई

सूचना के आधार पर चक्रधरनगर पुलिस ने तत्काल नाकेबंदी का प्रबंध किया। चक्रधरनगर पुलिस टीम ने जेएमजे अस्पताल पहाड़ मंदिर रोड के पास संदिग्ध दो व्यक्तियों को मवेशियों को डंडे से मारते हुए पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम घुराऊ राठिया (उम्र 41) और मोहित चौहान (उम्र 50) बताया, जो तमनार, रायगढ़ के निवासी हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि वे पुसौर क्षेत्र से मवेशियों को ओडिशा के बूचड़खाने ले जा रहे थे। दोनों आरोपियों से मवेशियों की खरीदी-बिक्री के कागजात मांगे गए, लेकिन वे कागजात प्रस्तुत करने में असफल रहे। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 424/2024 के तहत छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत कार्रवाई की। आरोपियों से 24 नग कृषक मवेशियों की जप्ती कर पशु चिकित्सक अधिकारी रायगढ़ से मवेवियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके उचित चारा-पानी की व्यवस्था करायी गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उनका जेल वारंट जारी हुआ और उन्हें जेल भेजा गया। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत राव, सहायक उप निरीक्षक उदय सिदार, प्रधान आरक्षक रवि साय, आरक्षक अभय यादव और नारायण सिंह राठिया ने विशेष भूमिका निभाई। रायगढ़ पुलिस की जनता से अपील है कि यदि उन्हें कहीं मवेशियों की अवैध तस्करी या किसी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। रायगढ़ पुलिस इस तरह के अपराधों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गणेश विसर्जन और इद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**रायगढ़**

रायगढ़ में आगामी 16 सितंबर को इद मिलादुन्नबी और 17 सितंबर को गणेश विसर्जन के मद्देनजर पुलिस कंट्रोलरूम में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुस्लिम धर्मालंबियों ने बताया कि इद मिलादुन्नबी पर्व में परंपरागत रूप से जुलूस निकाला जाएगा, जुलुस के लिए समाज के सदस्यगण दोपहर 02.00 बजे चांदनी चौंक पर एकत्र होंगे। जुलुस जामा मस्जिद से चांदनी चौंक-पैलेस रोड़-गद्दी चौंक-सुभाष चौंक-गांधी प्रतिमा-स्टेशन चौंक-सिविल लाईन-सत्तीगुडी चौंक- हण्डी चौंक-हटरी चौंक होते प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा और शाम 6 बजे जामा मस्जिद लौटेगा, जहां नमाज अदा की जाएगी। गणेश विसर्जन के संबंध में बताया गया कि 17 सितंबर को शहर के विभिन्न पंडालों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने ध्वनियंत्रों के नियंत्रित उपयोग और यातायात प्रबंधन पर जोर दिया और सांप्रदायिक एकता का परिचय देते हुए शांति और सामुदायिक सौहार्द से मनाए जाने की अपील की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जुलुस व विसर्जन के दौरान सड़क में जाम ना लगे, इसका ध्यान रखें। गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहेगी। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने की, बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, तहसीलदार रायगढ़ शिव कुमार डनसेना, नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, मोहन भारद्वाज, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, डीपी साहू (जिविशा), गणेश समिति व मुस्लमि समुदाय से शेख कलीमुल्लाह, अनमोल अग्र राहुल, संतोषकुमार सिंह अमित सिंह,तरणजीत भाटिया, विपुल सिंह, अमित सिंह, मो0 आवेश, वसीम खान, दिग्विजय सिंह, हिमांशु सिंह, असगर खान(गुलाब), राज यादव व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजा चक्रधर समारोह के अवसर पर रामलीला मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

❒ कुल 20 टीम के बालक और बालिका खिलाड़ियों के बीच लीग मैच के साथ प्रतियोगिता का कराया जा रहा आयोजन

**रायगढ़**

39 वें चक्रधर समारोह के अवसर पर आज रामलीला मैदान में तीन दिवसीय कबड्डी मैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय और जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रघुवीर बधवा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने कला सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह तथा बल और शक्ति के प्रतीक भगवान हनुमान के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर कबड्डी प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया।





इस मौके पर उनके द्वारा प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

रामलीला मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 20 टीम के बालक और बालिका खिलाडिय़ों के बीच लीग मैच के साथ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। बालक वर्ग और बालिक वर्ग दोनों के लिए अलग-अलग कोर्ट बनाया गया है। साथ ही आवश्यकता पडऩे पर रायगढ़ क्लब में भी कोर्ट की व्यवस्था की गई है। रामलीला मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को देखने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे है। कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर खिलाडिय़ों सहित सभी दर्शकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

रामलीला मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आज शुभारंभ बालिका वर्ग में अडानी फाउंडेशन विरुद्ध घरघोड़ा जनपद के बीच और बालक वर्ग में खरसिया जनपद विरुद्ध घरघोड़ा जनपद के बीच प्रथम मैच खेला गया। दोनों वर्ग के टीमों के कैप्टन की उपस्थिति में अपर कलेक्टर पाण्डेय द्वारा सिक्का उछालकर टॉस किया गया। जिला प्रशासन द्वारा समस्त जिलेवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामलीला मैदान में पहुंचकर कबड्डी मैच का आनंद लेने और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करने की अपील की गई है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी कबड्डी शशिकांत कुर्रे, क्रीड़ा अधिकारी डॉ.सौरभ प्रधान, जिला कबड्डी संघ सचिव राजेश पटनायक, नगर कबड्डी संघ अध्यक्ष संजय थवाईत, निर्णायक चंद्रमणी गुप्ता, जीतेश्वर प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिक, विभिन्न टीम के कबड्डी खिलाड़ी, निर्णायक और बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480